नोएडा में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट चैम्पियंस का हुआ अभिनंदन

नोएडा में इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट चैम्पियंस का हुआ अभिनंदन

नोएडा, 21 दिसम्बर (नवोदय टाइम्स): पिछले दिनों टी-20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में तीसरी बार लगातार जीत हासिल करने वाली इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के अलावा कोच और फिजियो को 51-51 हजार रूपये का चेक देकर नोएडा के यूफ्लेक्स कंपनी के मुख्यालय में कंपनी के सीएमडी अशोक चतुर्वेदी ने सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने यूफ्लेक्स भारत में ब्लाइंड क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये 50 लाख रूपये का सीएसआर अनुदान भी दिया।

इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम को क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (सीएबीआई) से मान्यता प्राप्त है और इसने अपना तीसरा टी20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड जीतकर हैट्रिक पूरी की है। इन्होंने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बांग्लादेश को 120 रनों के बड़े अंतर से हराया है।

इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए अशोक चतुर्वेदी ने कहा, टी-20 वर्ल्ड कप में उनकी उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। वर्ल्ड कप में उनकी जीत की श्रृंखला इस बात का प्रमाण है कि सही सहयोग और प्रेरणा से आप सारी विपरीत स्थितियों के बावजूद विजेता बन सकते हैं। इन क्रिकेटरों के लिये यह सफर आसान नहीं था, लेकिन अपनी दृढ़ता और लगन से उन्होंने दुनिया पर अपनी छाप छोड़ी है। हम बीसीसीआई से आग्रह करते हैं कि वे इंडियन ब्लाइंड क्रिकेट टीम का संज्ञान लें और खिलाड़ियों को मजबूत आर्थिक सहयोग प्रदान करें।